गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, कोनी, बिलासपुर 495009(छ०ग०)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमाक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेल:controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईट:www..ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Koni Bilaspur 495009 (G.G.)
(A Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email :Controller of examsggv@gmail.comWebsite: ggu.ac.in

कमांकः 312/परीक्षा/2023

बिलासपुर, दिनांकः 29/09/2023

## कार्यालयीय ज्ञाप

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन शाला (अभियांत्रिकी एवं तकनीकी को छोड़कर ) में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर, सत्र 2023–24 की परीक्षा में मुख्य एवं ए.टी.के.टी.के रूप में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के लिये परीक्षा आवेदन पत्र (With Course Selection and Examination Registration ) जमा करने हेतु तिथियॉ निम्नानुसार घोषित की जाती है:–

1) पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर के लियेः–

| | |
|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क के साथ | दिनांक 15/10/2023 से दिनांक 12/11/2023 तक |
| विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति | 1) रूपये 250 के साथ–दिनांक 13/11/2023 से दिनांक 17/11/2023 तक<br>2) रूपये 500 के साथ–दिनांक 18/11/2023 से दिनांक 26/11/2023 तक<br>3) तत्पश्चात परीक्षा आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। |
| संबंधित विभाग के द्वारा परीक्षा विभाग में छात्रों की रोललिस्ट/सूची जमा करने की तिथि | दिनांक 20/11/2023 तक |
| अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा तिथि | दिनांक 04/12/2023 से दिनांक 22/12/2023 तक |

2) प्रथम सेमेस्टर के लियेः–

| | |
|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क के साथ | दिनांक 01/11/2023 से दिनांक 10/11/2023 तक |
| विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति | 1) रूपये 250 के साथ–दिनांक 11/11/2023 से दिनांक 18/11/2023 तक<br>2) रूपये 500 के साथ–दिनांक 19/11/2023 से दिनांक 28/11/2023 तक<br>3) तत्पश्चात परीक्षा आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। |
| संबंधित विभाग के द्वारा परीक्षा विभाग में छात्रों की रोललिस्ट/सूची जमा करने की तिथि | दिनांक 03/12/2023 तक |
| अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा तिथि | दिनांक 01/01/2024 से दिनांक 12/01/2024 तक |

3) तृतीय सेमेस्टर के लियेः–

| | |
|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क के साथ | दिनांक 01 / 12 / 2023 से दिनांक 15 / 12 / 2023 तक |
| विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति | 1) रूपये 250 के साथ–दिनांक 16 / 12 / 2023 से दिनांक 22 / 12 / 2023 तक<br>2) रूपये 500 के साथ–दिनांक 23 / 12 / 2023 से दिनांक 30 / 12 / 2023 तक<br>**3) तत्पश्चात परीक्षा आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।** |
| संबंधित विभाग के द्वारा परीक्षा विभाग में छात्रों की रोललिस्ट / सूची जमा करने की तिथि | **दिनांक 06 / 01 / 2024 तक** |
| अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा तिथि | **दिनांक 29 / 01 / 2024 से दिनांक 10 / 02 / 2024** तक |

1) उक्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र **समर्थ पोर्टल** पर पूर्व की तरह ही भरे जायेंगे। **आनलाईन(Online)** परीक्षा आवेदन पत्र भरने का लिंकhttps//ggv.samarth.edu.in है।छात्र / छात्राएं अपना परीक्षा आवेदन पत्र उक्त निर्धारित अवधि में भरने के बाद संबंधित अंकसूचियॉ, परीक्षा शुल्क जमा किये जाने संबंधी रसीद के साथ हार्डकापी मे अपने विभागाध्यक्ष के पास जमा करेंगे।

2) छात्र / छात्राएँ, जो ए.टी.के.टी. परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हो, ऐसे छात्रों को अलग से परीक्षा शुल्क रूपये 200 / –(रूपये दो सौ) तदोपरांत रूपये 100 विषय प्रश्न पत्र Online के माध्यम से जमा करने होंगे, जिसका उल्लेख परीक्षा आवेदन पत्र में यथा उचित स्थान पर करना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुल्क का रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष द्वारा निरस्त कर दी जायेगी।

3) यदि छात्र / छात्राओं को आनलाईन (Online) परीक्षा आवेदन पत्र भरने में परेशानी हो तो अपने विभागाध्यक्ष अथवा परीक्षा विभाग के श्री कृष्ण कुमार राय (मोबाईल नं. 9340990639) पर कार्यालयीन दिवस / कार्यालयीन समय पर सम्पर्क करेंगे। परीक्षा आवेदन पत्र भरने में परेशानी का निराकरण नही हो पाने की स्थिति में परीक्षा नियंत्रक से संपर्क कर सकते है।

4) उक्त सेमेस्टर के आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित तिथि में जमा करने के पश्चात् यदि किसी छात्र / छात्रा के द्वारा गलत विषय चयन करने के कारण विषय संबंधी सुधार की कार्यवाही करनी हो तो परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिन पूर्व तक रूपये 500 (रूपये पॉच सौ) प्रति विषय संशोधन शुल्क देय होगा। इस संबंध में पूर्व में वि.वि.आदेश कमांक 230 / परीक्षा / 2023 बिलासपुर, दिनांक 12 / 03 / 2022 प्रसारित किया जा चुका है।

टीपः–

1) जो छात्र परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित समय में आनलाईन नही भरेंगे, ऐसे छात्रों का प्रवेश पत्र मुद्रित नही होगा, **बिना प्रवेश पत्र के ऐसे छात्र / छात्रा को परीक्षा में बैठने की अनुमति नही होगी।**
छात्रों से अनुरोध है कि वे अपना आनलाईन (Online) परीक्षा आवेदन पत्र अंतिम तिथि से पूर्व भरना सुनिश्चित करें, अंतिम समय का इंतजार ना करें।

2) समर्थ पोर्टल पर नियमित (Regular) छात्रों को कोर्स सलेक्शन(Course Selection) एवं Examination Registration दोनो पृथक–पृथक अनिवार्य रूप से करना है।

3) जो छात्र पूर्व में किसी कारणवश विषय का चयन **(Course Selection)** नही किये है, ऐसे छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि पहले वे विषय का चुनाव करें तत्पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे। प्रायः यह देखा गया है कि छात्रों द्वारा **Course Selection** को ही मुद्रित कर अपने विभाग में परीक्षा आवेदन पत्र **(Examination Form)** समझकर जमा कर दिया जाता है, अतः पूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र मुद्रित किया जावे।

छात्र/छात्रा भलीभांति सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने पूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र ही अपने विभाग में जमा किया है, ताकि अतिरिक्त विलम्ब शुल्क से बचा जा सके।

4) नव प्रवेशित प्रथम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जब तक ABC-I.D नही होगी तक तक Examination Form नही भर सकते है। अतः निर्देश दिया जाता है कि समर्थ पोटर्ल में जाकर प्रथमतः ABC-I.D. प्राप्त करने के बाद ही परीक्षा फार्म जमा करने की प्रकिया करेंगे। जिन छात्र/छात्राओं ने अपनी ABC-I.D. बना ली है, उन्हें फिर से ABC-I.D. बनाने की आवश्यकता नही है, ऐसे छात्र/छात्रा अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते है।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

कमांक 313/परीक्षा/2023

बिलासपुर, दिनांक 29/09/2023

प्रतिलिपि–

1. कुलपति/ कुलसचिव के निज सहायक/शीघ्रलेखक की ओर मा. कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिष्ठाता,समस्त अध्ययन शाला की ओर सूचनार्थ।
3. विभागाध्यक्ष, समस्त विभाग की ओर इस आशय के साथ सूचनार्थ कि सभी अध्ययनरत छात्रों को इस कार्यालयीन ज्ञाप से समय पर अवगत कराये और जो छात्र/छात्रा उक्त सेमेस्टरों की परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हो सिर्फ ऐसे छात्र/छात्रा का नाम, परीक्षा शुल्क, प्रश्न पत्र सत्यापित कर निर्धारित समय तक परीक्षा विभाग में छात्र/छात्राओं की सूची/ रोललिस्ट भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।
4. वित्ताधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण की ओर सूचनार्थ।
6. प्रभारी–गोपनीय/ सहायक कुलसचिव (वित्त/भण्डार/अकादमी/ गोपनीय) की ओर सूचनार्थ/ मीडियाप्रभारी, गु.घा.विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
7. वेबसाईट प्रभारी, परीक्षा विभाग की ओर वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29-9-2023

उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा)